2040 के लिये EU का नया जलवायु लक्ष्य

स्रोत: डाउन टू अर्थ

यूरोपीय संघ (European Union- EU) ने हाल ही में अपना नवीनतम प्रस्तावित 2040 जलवायु लक्ष्य प्रस्तुत किया है, जिसमें **वर्ष 1990 के मूलभूत स्तरों की तुलना में वर्ष 2040 तक 90% के** शुद्ध उत्सर्जन कटौती लक्ष्य की रूपरेखा दी गई है।

- सितंबर 2020 में निर्धारित यूरोपीय संघ के पिछले लक्ष्य का उद्देश्य वर्ष 2030 तक ग्रीनहाउस गैस (GHG) उत्सर्जन को **वर्ष 1990 के स्तर से 55% कम करना** था, जिसे बाद में **वर्ष 2050 तक** कार्बन तटस्थता (Carbon Neutrality) प्राप्त करने की प्रतिबद्धता के साथ यूरोपीय संघ जलवायु कानून में शामिल किया गया था।
    - लक्ष्य को पूरा करने के लिये, **यूरोपियन कमीशन ने वर्ष 2021 में "फिट फॉर 55"** पैकेज जारी किया, जिसने वर्ष 2030 कटौती लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये प्रस्तावों का एक सेट प्रदान किया।
- वर्ष 2024 में प्रस्तुत नवीनतम प्रस्ताव यूरोपीय संघ के जलवायु कानून (EU Climate Law) द्वारा अनिवार्य किया गया एक मध्य अवधि का कदम है, जो दुबई में UNFCCC के पक्षकारों के 28वें सम्मेलन के दौरान आयोजित प्रथम ग्लोबल स्टॉकटेक (Global Stocktake-GST) के **छह माह के भीतर ही वर्ष 2040 तक के लिये लक्ष्य** विकसित करने की प्रक्रिया की रूपरेखा तैयार करता है।
    - यह प्रस्ताव **वर्ष 2040 तक** कोयले **के उपयोग में उल्लेखनीय कमी** की आवश्यकता पर प्रकाश डालता है, जिसमें प्राकृतिक गैस में तेज़ी से गिरावट आने की उम्मीद है और तेल **चरणबद्ध तरीके से समाप्त होने वाला अंतिम घटक** होगा। हालाँकि कुछ जीवाश्म ईंधन गैर-ऊर्जा उद्देश्यों तथा लंबी दूरी के परिवहन के लिये **उपयोग में बने रहेंगे**।
- आलोचकों का तर्क है कि **प्रस्तावित लक्ष्य यूरोपीय संघ के ऐतिहासिक उत्सर्जन भार को पर्याप्त रूप से संबोधित करने में सफल नहीं** हैं।
- कार्बन संग्रहण और **CO2 को हटाने वाली प्रौद्योगिकियों** पर भारी निर्भरता लक्ष्य की महत्त्वाकांक्षा तथा प्रभावशीलता के बारे में चिंता पैदा करती है।

और पढ़ें: UNFCCC में पार्टियों का 28वाँ सम्मेलन

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/eu-sets-new-climate-goal-for-2040